सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-467
30/09/2017

मुख्यमंत्री ने रावण वध समारोह का उद्घाटन किया

पटना, 30 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गॉधी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व विजयादशमी के मौके पर रामलीला महोत्सव एवं रावणवध कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया। श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रावणदहन कार्यक्रम में सबसे पहले आयोजकों ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय समेत गणमान्य अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। दशहरा कमिटी द्वारा राम लीला का मंचन किया गया एवं मनोरम झॉकी निकाली गयी जिसमें कलाकारों द्वारा नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्ति प्रदर्शित की गयी। इसके बाद गुब्बारा उड़ाकर राज्य में शांति एवं सौहार्द का संदेश दिया गया। इसके पश्चात श्री राम, श्री लक्ष्मण एवं मॉ जानकी की आरती की गयी। इसके बाद श्री राम और रावण के बीच संवाद प्रस्तुत किया गया और उसके बाद बारी–बारी से बुराई के प्रतीक कुंभकरण, मेघनाद एवं रावण का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय सहित विधान सभा एवं विधान परिषद के कई सदस्यगण, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री आनंद किशोर, डीएम पटना श्री संजय कुमार अग्रवाल, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज, श्री दशहरा कमिटि ट्रस्ट की मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद श्रीमती मीना सिंह, अध्यक्ष श्री कमल नोपानी, सचिव श्री अरूण कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा साहु, एवं श्री राज कपूर, कोषाध्यक्ष श्री राजेश बजाज, कमिटी के सदस्य श्री सुनील सिंहा एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में मौजूद थे।

******